मंगलवार
26 दिसंबर 2023
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


जहानाबाद में 5100 लोगों ने एक साथ किया सुंदरकांड का पाठ
2



### पूर्व पीएम वाजपेयी की 99वीं जयंती पर उनकी जन्मस्थली बटेश्वर पहुंचे सीएम योगी, बोले...

# भारत की राजनीति के अजातशत्रु थे अटल जी

- सीएम योगी ने की घोषणा- आगरा में बनेगा आलू शोध केंद्र, 50 हजार किसानों को देंगे सोलर पंप
- आगरा से मथुरा-वृंदावन ब्रज तीर्थ हवाई यात्रा के लिए हेलीपोर्ट सेवा की शुरूआत

**केटी न्यूज ब्यूरो/आगरा**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी जन्मस्थली बटेश्वर पहुंचे। इस मौके पर सीएम योगी उनके पैतृक गांव बटेश्वर में अटल जी की प्रतिमा का अनावरण और अटल जी की याद में उनके नाम पर बने सांस्कृतिक संकुल केंद्र (म्यूजियम) का लोकार्पण किया। फिर ब्रज तीर्थ हवाई यात्रा के लिए (आगरा से मथुरा-वृंदावन) हेलीपोर्ट सेवो की शुरूआत की। सीएम योगी ने पर्यटन व कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने आगरा में आलू शोध केंद्र बनाने की घोषणा की।

बटेश्वर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने छोटी काशी के ब्रह्मलाल मंदिर में पूजा अर्चना की। यहां से वह भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने करीब 148 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम ने बटेश्वरे से गोवर्धन के लिए हेलीकॉप्टर को हरी झंडी दिखा आगरा- मथुरा हेलीपोर्ट सेवा का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने कहा कि आजे पूर्व पीएम की पावने जयंती है। पूरा देश अटल जी को उनकी सेवाओं के लिए नमन कर रहा है। इस अवसर पर पूरे यूपी वासियों की ओर से अटल जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आज बटेश्वर में उनकी भव्य प्रतिमो का अनावरण किया। उनकी यादों को सहेजने के लिऐ म्यूजियम भी होगा। सीएम ने कहा कि



### योगी बोले... वाजपेयी जी ने देश में दी स्थिर सरकार

सीएम योगी ने कहा कि अस्थिर सरकारें देश को खोखला बना रही थीं। अटल जी ने स्थिर सरकार दी। आज पाकिस्तान का हाल देख लें अस्थिर सरकार के चलते वहां का क्या हाल है। एक-एक रोटी के लाले हैं। प्रधानमंत्री 3.5 साल से लोगों को अनाज दे रहे हैं और अगले पांच वर्ष की गारंटी दी है। स्थिरता आर्थिक समृद्धि का पैमाना बनता है। उन्होंने कहा कि पहले बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं, किसान खेत पर नहीं जा पाते थे। विकास के पैसे का बंदर-बाट होता था। अटल जी ने जिस यूपी की आधारशिला रखी थी, उसको डबल इंजन की सरकार आगे बढ़ा रही है। आज यूपी में विकास हो रहा है। गांव में कनेक्टिविटी बढ़ी है। न केवल रोड बल्कि हवाई जहाज की कनेक्टिविटी भी बेहतर हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की पावन भूमि पर जब मैं पहली बार आया था तब से अब तक बहुत सुधार हुआ है। मां यमुना के तट पर बने मंदिरों ने विदेशी हमलों को झेला है। पर्यटन विभाग इन मंदिरों का सौंदर्यीकरण कर रहा है। जो विकास हो रहा है वो प्रेरणा का काम करेगा। आप पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करें। अटल जी की जयंती का जो कार्यक्रम है, वो उनकी जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ है। ग्राम पंचायत स्तर से जिले के स्तर और राज्य स्तर पर काम होंगे। अटल जी ने देश को जो दिया वह विश्व स्तर का था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा इसमें सहायक बनेगा। 18 अटल आवासीय विद्यालय बन रहे हैं, जिसमें गरीबों और मजदूरों के बच्चे पढ़ रहे हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी शामिल हों

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगरा में आलू शोध केंद्र बनेगा। इससे किसानों को मदद मिलेगी। अगले दो साल में 50 हजार किसानों को सोलर पंप देंगे। इससे डीजल पंप से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी शामिल हों। जो भी लाभार्थी हैं वो अपनी कहानी बताएं। जिन्हें फायदा नहीं मिला है वो अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।

### पीपीपी मोड पर होगा हेलीपोर्ट का संचालन

आगरा-मथुरा के बीच सोमवार से हेलीपोर्ट सुविधा की शुरूआते हो गई। अब पर्यटक हवाई यात्रा कर ब्रज दर्शन कर सकेंगे। इस सेवा का संचालन पीपीपी मोड पर किया जा रहा है। इसके लिए 12 दिसंबर को मेसर्स राजस एयरोस्पोर्ट एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड के साथ सरकार का एग्रीमेंट हुआ था। कंपनी को हेलीपोर्ट 30 साल के लिए लीज पर दिया गया है।

### पूर्व पीएम की जयंती पर बोले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## अटल जी के समय में किसी भी धर्म के माननेवालों को दिक्कत नहीं होती थी



**केटी न्यूज/पटना**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर बिहार में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन पाटलिपुत्रा पार्क, पटना में किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ व अन्य ने पूर्व पीएम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी की सरकार में हम तीन-तीन विभागों के मंत्री थे। वे मुझे बहुत मानते थे। मुझे बिहार का मुख्यमंत्री बनाने में अटल जी का बहुत बड़ा योगदान है। उनके प्रति मेरा आदर का भाव हमेशा से रहा है और हम जब तक हैं वो जीवनभर रहेगा। जब तक श्रद्धेय अटल जी प्रधानमंत्री थे तो किसी भी धर्म के माननेवालों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होती थी। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आइडियोलॉजी से संबंधित प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग जो भी अपनी बात रखते थे वे उसको स्वीकार करते थे।

### हमारी पार्टी में एकजुट हैं सब, कोई दिक्कत नहीं

जदयू पार्टी से संबंधित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कौन क्या बोलता है हम ध्यान नहीं देते हैं। आजकल लोग अपने लाभ के लिए जो जी में आए बोलते रहते हैं। किसी को कुछ लाभ मिलने नहीं जा रहा है। हमारी पार्टी में सब एकजुट हैं, कहीं किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। हम सभी लोग एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर बहाली हो रही है। हमने घोषणा की थी कि 10 लाख बहाली करेंगे। उसमें आधा के करीब हम पहुंच चुके हैं। हमलोग एक-एक काम कर रहे हैं। आप मीडिया वालों पर नियंत्रण किसी और का है। हम आपकी इज्जत करते हैं और करते रहेंगे। आपलोग खूब आगे बढ़िए। हमारी पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन एकजुट है।

## मेरा ईसाइयों के साथ बहुत पुराना नाता: मोदी



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में सोमवार को क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईसाई समुदाय के सदस्यों के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में संचालकों ने पीएम का स्वागत करते हुए कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि प्रधानमंत्री का विजन सबका साथ, सबका विकास इसी तरह आगे बढ़ता रहे। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि मेरा ईसाइयों के साथ बहुत पुराना नाता है। गुजरात में मैं जहां मणिनगर से चुनाव लड़ता था, वह ईसाइयों की काफी अच्छी आबादी है। हाल ही में मुझे पोप से मिलने का भी मौका मिला था। क्रिसमस वो दिन है, जिसमें हम जीजस के बर्थडे को सेलिब्रेट करते हैं, उनका जीवन लोगों के सिखाने को काफी मददगार है। उन्होंने ऐसे समाज बनाने का काम किया वो सबको एकजुट करते हैं पवित्र बाइबल में कहा गया है कि हम अपने जीवन दूसरों की सेवा करनी चाहिए।

## संसद के शीतकालीन सत्र में पारित हुए तीन संशोधित आपराधिक कानून विधेयकों को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

संसद के शीतकालीन सत्र में हाल में पारित हुए तीन संशोधित आपराधिक कानून विधेयकों को सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी। इससे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल के अब कानून बनने का रास्ता साफ हो गया है। अब भारतीय दंड संहिता को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता से, दंड प्रक्रिया संहिता को भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता से और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) संहिता से बदला जाएगा। इन विधेयकों को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा ने 20 दिसंबर को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर पारित किया था। राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से पेश किए जाने के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने समापन टिप्पणी में कहा था, इतिहास रचने वाले ये तीन विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए हैं। उन्होंने हमारे आपराधिक न्यायशास्त्र की औपनिवेशिक विरासत की बेड़ियों को खोल दिया है जो देश के नागरिकों के लिए हानिकारक थी और विदेशी शासकों का पक्ष लेती थी। दोनों सदनों से 141 विपक्षी संसद सदस्यों के निलंबन के बीच विधेयकों को 20 दिसंबर को निचले सदन में पारित किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों सदनों में विधेयकों का बचाव किया था।

## सीबीएसई ने बिहार-झारखंड के 43 स्कूलों की मान्यता रद्द की

**केटी न्यूज/पटना**

मानकों को पूरा नहीं करने पर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बिहार झारखंड के 36 निजी स्कूलों की मान्यता को रद्द कर दिया है। जिन 36 स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है, उनमें 17 झारखंड के जबकि 26 स्कूल बिहार के हैं। बोर्ड ने मान्यता रद्द किए गए स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है और अभिभावकों को आगाह किया है कि जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है उन स्कूलों में अपने बच्चों का नामांकन न कराएं। सीबीएसई ने देशभर के कुल 340 स्कूलों की मान्यता को रद्द कर दिया है।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुताबिक, ये सभी 43 निजी स्कूल पिछले कई वर्षों से संचालित किए जा रहे थे। सीबीएससी की तरफ से स्कूलों को मान्यता तो दे दी गई थी लेकिन ये तय मानकों को पूरा नहीं कर रहे थे। बच्चों के अभिभावकों को फी के तौर पर मोटी रकम तो वसूलते थे लेकिन यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सुविधाएं नहीं दे रहे थे।

सीबीएसई ने 43 स्कूलों की मान्यता तो रद्द कर दी है लेकिन आगामी 10वीं बार्ड की परीक्षा को देखते हुए छात्रों को राहत दी है। इन स्कूलों से 2024 में सात हजार से अधिक छात्र 10वीं की परीक्षा देने वाले हैं। ऐसे में बोर्ड ने छात्रों के भविष्य को देखते हुए इन स्कूलों को अंतिम बार परीक्षा लेने की अनुमति दी है।

## पटना में बेखौफ बदमाशों ने रात्रि गश्त पर निकले दारोगा को मारी गोली, बची जान

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना के बेऊर थाना क्षेत्र में देर रात लगभग 2 बजे एक चोरी की घटना को अंजाम देने आए बदमाशों ने दारोगा को गोली मार दी। इस घटना में बेऊर में तैनात दारोगा फूलन राम जख्मी हो गए। जानकारी के मुताबिक, अपराधियों की चलाई गोली दारोगा फूलन राम के बाएं बांह में लगी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, दारोगा की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

घटनाक्रम को लेकर एएसपी फुलवारी विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान बेऊर थाना क्षेत्र के कृष्ण बिहार कॉलोनी में एक



टेलीकॉम टॉवर के पास से कुछ अज्ञात अपराधियों को पुलिस टीम ने भागते हुए देखा। गश्त कर रही टीम ने इन लोगों का भागते हुए पीछा किया। इसी दौरान भाग रहे एक अपराधी ने फायरिंग कर दी। अचानक गोलीबारी में बेऊर थाने में तैनात दारोगा फूलन राम को गोली लगी।

### 3 बदमाशों को पुलिस टीम ने पकड़ा

इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने भाग रहे अपराधियों में से 3 बदमाशों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। हालांकि, 4 अपराधी अब भी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 3 कारतूस, एक पिस्टल और घटना स्थल से खोखा और चोरी किए गए बैटरी भी बरामद किए गए। पुलिस टीम पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ कर रही है। जिससे उनके बाकी साथियों का पता चल सके। पुलिस टीम सीसीटीवी की जांच के साथ ही लगातार बाकी अपराधियों की तलाश के लिए छापेमारी कर रही।

### यूपी सरकार ने इस साल 2.24 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का रखा है लक्ष्य

## विशेष अभियान में निजी अस्पताल के 8671 टीबी मरीज नोटिफाई

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**


यूपी सरकार ने निजी अस्पताल से इलाज करा रहे टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन सुनिश्चित कराने के लिए प्रदेश में सात से 14 दिसम्बर तक चलाये गए विशेष अभियान में 8671 टीबी मरीज नोटिफाई किये हैं। मालूम हो कि यूपी सरकार ने इस वर्ष निजी अस्पताल के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दो लाख 24 हजार 300 तय किया था, जिसमें छह दिसम्बर तक 1,95,050 टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया जा चुका था। वहीं अभियान के माध्यम से यह संख्या बढ़कर दो लाख तीन हजार 721 पर पहुंच गई है। संयुक्त निदेशक (क्षय)/राज्य क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं।

### कानपुर नगर में अभियान के दौरान सबसे अधिक नोटिफिकेशन

एक हफ्ते के विशेष अभियान के दौरान कानपुर नगर में सबसे अधिक 829, लखनऊ में 597, गाजियाबाद में 551, आगरा में 519 और मथुरा में 309 टीबी मरीज निजी अस्पताल के जरिये नोटिफाई किये गए। इन जिलों में निजी अस्पताल के नोटिफिकेशन को बढ़ाने में स्वयंसेवी संस्था एचएलएफपीपीटी और डॉक्टर्स फॉर यू की भी मदद ली जा रही है।

**12 जिलों में निजी क्षेत्र में लक्ष्य से अधिक टीबी मरीज नोटिफाई :** वर्ष 2023 में प्रदेश के हर जिलों के लिए निजी अस्पताल के जरिये टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश के 12 जिले इस लक्ष्य से अभी ही आगे निकल चुके हैं। इन जिलों में मथुरा अपने 10 हजार के लक्ष्य को पार करते हुए 14 दिसम्बर तक 13103 टीबी मरीजों को निजी अस्पताल के जरिये नोटिफाई कर चुका है। इसी तरह बरेली 8200 लक्ष्य के सापेक्ष 8821, अयोध्या 2400 की जगह 2783, मेरठ 6300 की जगह 6644, बिजनौर 3000 के सापेक्ष 3585, अलीगढ़ 6000 के सापेक्ष 6550, गोरखपुर 5000 के सापेक्ष 6355, बलिया 1800 के सापेक्ष 1907 टीबी मरीजों को निजी क्षेत्र के जरिये 14 दिसम्बर तक नोटिफाई करा चुके हैं।

**टीबी की स्क्रीनिंग बढ़ाने और शीघ्र जांच पर योगी सरकार का है फोकस:** डॉ. भटनागर का कहना है कि सरकार का पूरा ध्यान टीबी की स्क्रीनिंग बढ़ाने और शीघ्र जांच कर टीबी की पुष्टि वाले मरीजों का शीघ्र इलाज शुरू करने पर है। इसके अलावा निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान बैंक खाते में प्रति माह 500 रुपये दिए जा रहे हैं, ताकि टीबी के शुरूआती इलाज के साथ-साथ इलाज के दौरान उचित पोषण भी सुनिश्चित किया जा सके। निजी अस्पताल के टीबी मरीजों का निक्षय पोर्टल पर नोटिफिकेशन होने से उन्हें निक्षय पोषण योजना का लाभ पहुंचाने और निक्षय मित्रों से जोड़ने में आसानी होगी। इससे सही पोषण के साथ भावनात्मक सहयोग भी उन्हें मिल सकेगा, जिससे वह जल्दी स्वस्थ हो सकते हैं। मालूम हो कि महानिदेशक-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें डॉ. दीपा त्यागी ने विशेष अभियान को लेकर प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिला क्षय रोग अधिकारियों को निर्देशित किया था कि नोटिफिकेशन बढ़ाने के साथ ही छूटे हुए मरीजों को निक्षय पोर्टल पर नोटिफाई कराना सुनिश्चित किया जाए।



# जहानाबाद के गांधी मैदान में 5100 लोगों ने एक साथ किया सुंदरकांड का पाठ

- शांति और सदभाव बनाए रखने एवं देश की उन्नति के लिए भगवान से की गई प्रार्थना

**केटी न्यूज/जहानाबाद**






जहानाबाद गांधी मैदान में सोमवार को सुमंगलम पाठ का आयोजन किया गया। आयोजक ने बताया कि 8 वर्षों से लगातार सुमंगलम पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 5100 लोग एक साथ सुंदरकांड का पाठ करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए इस पाठ का आयोजन किया जाता है। इसमें शांति एवं देश की उन्नति के लिए भगवान से प्रार्थना की जाती है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सभी लोग एक साथ भेदभाव भुलाकर भगवान का स्मरण करें। उन्होंने कहा कि पूजा पाठ तो सभी लोग करते हैं लेकिन एक साथ सामूहिक रूप से पूजा करने का अपना अलग ही महत्व है। इससे आपसी भाईचारा कायम होता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक पाठ करने से हमारी युवा पीढ़ी पूजा पाठ को प्रेरित होगी। इससे सनातन धर्म का प्रचार होगा। आज के समय में कई लोग अपने धर्म को भूलते जा रहे हैं और पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे हैं। पुरानी परंपरा को कायम रखने के लिए इस सुमंगलम पाठ का आयोजन किया जाता है। इसमें पुरुष महिलाएं बच्चों ने भी भाग लिया।

# बड़ी बहन के जेठ से नोंकझोंक के बाद छात्रा ने कर ली खुदकुशी

- मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव की रविवार की देर शाम की घटना
- दीदी के शादीशुदा जेठ से चल रहा था प्रेम-प्रसंग, दोनों की शादी की चल रही थी बात

**केटी न्यूज/आरा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में रविवार की देर शाम ननिहाल में रहने वाली इंटर की एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। बड़ी बहन के जेठ से झगड़े के बाद उसने फांसी लगा ली। उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। मृत छात्रा मूल रूप से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेल डुमरा गांव निवासी स्व.राजेश सिंह की 18 वषीर्या पुत्री रेशमा कुमारी थी। वह बचपन से ही अपने ननिहाल में रहती थी। उसका अपनी दीदी के शादीशुदा जेठ और 12 साल की बेटी के बाप से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसी प्रेम-प्रसंग के कारण छात्रा द्वारा पंखे से लटक कर खुदकुशी करने की बात कही जा रही है।

खुदकुशी की इस घटना से गांव में सनसनी मच गयी। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद कारणों की छानबीन में जुटी है। इधर, छात्रा की मां उर्मिला कुंवर ने बताया कि वह उनकी छोटी बेटी रेशमा छह माह की उम्र से ही ननिहाल में रहती थी। उनकी बड़ी बेटी कुसुम की शादी 2021 में धोबहां ओपी क्षेत्र के बसंतपुर गांव में हुई थी। उनकी बड़ी बेटी कुसुम का जेठ पिंटू सिंह आर्मी में है। वह शादीशुदा है और उसे एक 12 वर्ष की पुत्री भी है। उसी पिंटू सिंह से एक साल से उनकी छोटी बेटी रेशमा का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाह रहे थे। इस बात की जानकारी उन्हें चार माह पूर्व मिली थी। उनकी बेटी और दामाद भी रेशमा कुमारी का पिंटू सिंह से शादी करने को लेकर राजी थे। दो दिन पूर्व पिंटू सिंह छुट्टी लेकर अपने गांव आया था। इसी बीच रविवार की सुबह दोनों की फोन पर किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। रविवार की देर शाम उसकी मां अपने घर के बाहर दरवाजे पर बैठी थी। घर में कोई दूसरा नहीं था। उसी बीच रेशमा ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर गले में फांसी लगा ली। काफी देर तक वह नहीं देखी, तो उसकी मां रेशमा के कमरे के पास गई और उसका दरवाजा खटखटाया, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। दरवाजा भी नहीं खोला। तब उसकी मां शोर मचाने लगी। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हुए और कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। तब उसकी बेटी पंखे से लटकी मिली। है।

उर्मिला कुंवर ने अपनी बड़ी बेटी के भैसुर पिंटू सिंह से चल रहे प्रेम-प्रसंग के कारण पंखे से लटक कर उसके द्वारा खुदकुशी करने की बात कही है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही। बताया जा रहा है कि छात्रा अपने तीन बहन और एक भाई में मांझिल थी। उसके परिवार में मां उर्मिला कुंवर, बहन कुसुम, निशा और भाई भोलू है।

## खबरें फटाफट

### रेलवे ट्रैक से मिला महिला का शव

**औरंगाबाद।** सोननगर रेलवे जंक्शन पर ट्रैक किनारे से एक अज्ञात अधेड़ महिला का शव बरामद किया गया है। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, डीडीयू - गया रेलखंड के सोननगर जंक्शन पर रेल लाईन संख्या 07 पर यह हादसा हों गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही रेल थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार सुमन एवं पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतिका कि पहचान अब तक नही हो सकी है। महिला की उम्र करीब 55 वर्ष है। शव के पास से डंडा बरामद किया गया है जिसमें ऐसा अनुमान है कि ट्रैक पार करते वक्त हादसे में महिला की मौत हो गई।

### चोरी व अन्य मामले में 14 लोग गए जेल

**औरंगाबाद।** एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर कार्रवाई के बाद 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई ज़िले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। चोरी के कांड में एक, विविध कांड में तीन, शराब के कांड में आठ एवं अजमानतीय वारंट मामले में दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

## आरा-पटना हाइवे पर कायमनगर गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप हुआ हादसा

# दो ऑटो में ठोकर मारने के बाद पेड़ से टकराई कार , 5 किन्नर समेत 10 जख्मी

- हादसे में टेंपों पर सवार पांच किन्नर, दो ऑटो चालक और कार सवार बच्ची समेत कुल 10 लोगों को आई चोट
- आठ घायलों का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-पटना हाइवे पर गीधा ओपी क्षेत्र के कायमनगर गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप सोमवार की सुबह अनियंत्रित कार दो ऑटो को ठोकर मारने के बाद एक पेड़ से टकरा गयी। कार से ठोकर के बाद सब्जी लदा एक ऑटो चाट में जा गिरा। हादसे में ऑटो सवार पांच किन्नर समेत दस लोग जख्मी हो गए। वहीं दूसरे ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घायलों में आठ का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में एक ऑटो पर सवार कोईलवर वार्ड नंबर 13 निवासी सोनी किन्नर, मंजू किन्नर, कल्पना किन्नर, उनकी टीम के तबला वादक सिकंदर पासवान, टेंपों चालक सहित दो अन्य किन्नर शामिल है। दूसरे ऑटो पर सवार पवना गांव निवासी सब्जी बिक्रेता धर्मेंद्र साव, टेंपों चालक, जबकि कार सवार कैमूर जिले के भभुआ टाउन थाना क्षेत्र के खलासपुर गांव निवासी अजय कुमार और उनकी पुत्री काव्या कुमारी शामिल है।

### भागने के क्रम में कार ने किन्नरों से भरे ऑटो में मारी ठोकर, कई लोग गंभीर



बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र साव ऑटो रिजर्व कर सब्जी खरीद कायमनगर से पवना जा रहे थे। वहीं दूसरे ऑटो से आधा दर्जन किन्नर बधाई कार्यक्रम में भाग लेने आरा आ रहे थे। उसी समय भभुआ से पटना जा रही कार चालक ने कायमनगर गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप नियंत्रण खो दिया। उससे कार ने पहले सब्जी से लदे ऑटो में टक्कर मार दी। उसके कारण ऑटो चाट में जा गिरा। भागने के क्रम में कार ने किन्नरों से भरे ऑटो में ठोकर मार दी। उसके बाद कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद सभी को इलाज के लिए कोईलवर सीएचसी ले जाया गया। वहां से सदर अस्पताल लाया गया।

### औरंगाबाद: वार्ड सदस्य के घर में घुसकर चोरों ने 50 हजार के गहनों की चोरी की

**औरंगाबाद ।** गोह थानाक्षेत्र के द धपी गांव में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने वार्ड सदस्य के घर मे घुसकर हजारों के सम्पति की चोरी कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना में दिए गए आवेदन में पीड़ित बिनय महतो ने बताया कि रविवार की रात हमलोग सभी परिवार घर मे खाना खाकर सो गए। जब सुबह जागा तो देखा कि कमरा में रखा ट्रंक का ताला टूटा हुआ था,और समान बिखरा हुआ था।जब ट्रंक खोलकर देखा गया तो ट्रंक में रखा अटैची व बैग गायब था। जिसमे रखा 10 हजार रुपये नकद, सोने की दो बाली, सोने का दो झुमका, सोने का जितिया, चांदी का एक लॉकेट, चांदी के पायल के साथ बैग में रखा खेत के सभी कागजात गायब था। गौरतलब हो कि इसी गांव में बीते 20 अक्टूबर को धनंजय बर्मा, शंभु सिंह व मंटू ठाकुर के घर से अज्ञात चोरों ने हजारों की सम्पती की चोरी की थी, लेकिन पुलिस को आज तक चोरों को पता लगाने में सफलता नही मिली है। आए दिन हो रही चोरी की वारदात से लोगों में भय कायम हो गया है।

## एक नजर

### वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने बैठक कर बनाई रणनीति



**औरंगाबाद।** भारतमाला परियोजना अंतर्गत निमार्णाधीन वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के अधिग्रहण से प्रभावित रैयतों नें रविवार को चिल्हकी हाई स्कूल के मैदान में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता श्याम किशोर पांडेय ने की। उन्होंने बताया कि किसान संघर्ष समिति के अधीन गैर मजरूवा, मालिक एवं बकास जमीन के रैयतीकरण के लिए संघ का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गैर मजरूवा, मालिक और बकास जमीन के रैयतों का नोटिस नहीं जारी किया है। जबकि तीस वर्षों से अधिक समय से जमीन पर काबिज रैयतों को मुआवजा देने का प्रावधान है। सरकार के इस कार्यवाही से किसान क्षुब्ध हैं। किसान संघर्ष समिति संकल्पित है कि जब तक जमीन का मुआवजा नहीं मिलेगा अपने जमीन पर काम नहीं लगने देंगे। इस मौके पर वशिष्ठ प्रसाद सिंह, राम अवध तिवारी, राजन कुमार तिवारी, जगत कुमार सिंह, रविंद्र पांडेय, श्याम किशोर पांडेय, आलोक कुमार पांडेय, चंद्रमोहन तिवारी आदि लोग उपस्थित थें।

### महुआ शराब बरामद,धंधेबाज फरार

**औरंगाबाद।** गोह पुलिस ने रविवार की शाम गुप्त सूचना पर अकौनी गांव में छापेमारी करते हुए महुआ शराब बरामद किया है।पुलिस की आने की भनक लगते हैं धंधेवाज फरार हो गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली कि अकौनी गांव में एक व्यक्ति द्वारा शराब बेचा जा रहा है।सत्यापन को लेकर पुलिस जब अकौनी गांव में पहुंची तो गांव से पूर्व छोटी नहर पुल के पास से एक ब्यक्ति को भागते हुये देखा गया।जहां से पुलिस ने 70 लीटर महुआ शराब बरामद किया। मामले में पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए धंधेबाज की पहचान में जुटी हुई है।

# यौन उत्पीडन व हिंसा पर पीड़ित महिला को मिलेगा 10 लाख रुपए का मुआवजा

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन प्राथमिक मध्य विद्यालय नवाडीह में किया गया जिसमें महिलाओ के साथ होने वाले हिंसा से जुड़ी जरूरी जानकारी व विधिक रूप से जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता राणा सरोज कुमार सिंह एवं संचालन अधिवक्ता अंजलि कुमार सिंह ने किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आज के विधिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना 2014 पर जागरूकता एवं कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन पर रोकथाम संरक्षण एक्ट 2013 पर विधिक जागरूकता था।

वक्ताओं ने कहा कि तेजाब हमला, दुष्कर्म, विकलांगता, अल्पवयस्क मानव व्यापार, यौन हमला, जलने पर शारीरिक क्षति पर तीन लाख तक मुआवजा की व्यवस्था थी, जो अब 10 लाख तक मुआवजा की व्यवस्था की गई है, तेजाब हमला में चहेरा विकृति होने पर सात लाख और पीड़ित के उम्र 14 साल से कम हो तो तो 10 लाख तक मुआवजा मिल सकता है इसके लिए प्राथमिकी और मेडिकल रिपोर्ट अनिर्वाय है। कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीडन घृणित अपराध है और इस सम्बन्ध में पीड़ित द्वारा आवेदन पर तत्काल कार्यवाही शुरू किया जाता है। इस लिए किसी भी विभाग के कर्मी यौन हमला और छेड़खानी का तत्काल विरोध करते हुए मामला दर्ज कराएं। इस अवसर पर वरीय महिला अधिवक्ता स्नेह लता, पारा विधिक स्वयं सेवक विनय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सोन पर बना नहर पुल वर्षों से है क्षतिग्रस्त आक्रोशित ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



बीते कई वर्षो से क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मती को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है। मामला सदर प्रखंड के फेसर पंचायत अंतर्गत दिलमोहमदगंज गांव स्थित सोन कैनल का है। जहां उस गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। साथ ही कहा कि वर्षो से पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण उनका जन जीवन प्रभावित है। उनके गांव में जानें के लिए क्षतिग्रस्त पुल मुख्य मार्ग हैं। लेकिन ऐसे में गांव में कोई वाहन जाना तो दूर उस पुल पर पैदल चलना खतरे से खाली नहीं है। कभी भी बड़ी हादसा हो सकती हैं जिसको लेकर ग्रामीण चिंतित है।

मामले में ग्रामीणों ने अब तक स्थानीय जन प्रतिनिधि यथा ज़िले के प्रशासनिक पदाधिकारियों से कई बार मुलाकात कर चुके हैं और पुल मरम्मत करवाने की मांग की हैं। अब तक आश्वाशन के अलावा कुछ नहीं मिला। ग्रामीणों ने कहा कि यह नहर पुल पोखरहा, सिमरा, बघोई, जखीम सहित दर्जनों गांवों को जोड़ता हैं। जो पिछले कई वर्षो से क्षतिग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस पर ज़िले के पदाधिकारियों द्वारा जल्द विचार नहीं किया गया तो जिला मुख्यालय में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान अमरेंद्र कुमार, धंजय कुमार, सुमित कुमार, कपिल कुमार, मनोज राम, रामजी राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

### महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोपित गया जेल

**औरंगाबाद।** एक महिला से छेड़खानी और मारपीट मामले में आरोपित को रिसिअप थाना की पुलिस द्वारा गिरफ़्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित माली थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी है। इसके विरुद्ध एक महिला ने मामला दर्ज करवाया था जिसमें बताया कि आरोपित देर रात गलत नीयत से घर में घुस गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि महिला से छेड़छाड़ के आरोप में आरोपित युवक को गिरफ्तार किया गया है।

## रामनरेश सिंह फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# खेल से होता है युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास : सांसद

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



स्थानीय खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बेहतर मंच प्रदान करने के लिए दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन रामनरेश सिंह फाउंडेशन के तत्वधान में शहर के गेट स्कूल के मैदान में पुर्व सांसद स्व. रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू के 25वीं पुण्यतिथि पर किया गया जिसका उद्घाटन सांसद सुशील कुमार सिंह एवं रामनरेश सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनिल सिंह ने किया। सर्व प्रथम कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी एवं पंडित मदन मोहन मालवीय के तैलचित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर की गई।

इस दौरान दो फुटबॉल मैच खेला गया जिसमें पहले मैच में औरंगाबाद डी.एल.एफ और ओबरा प्रखंड के बेल ने भाग लिया जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुऐ औरंगाबाद की टीम 3-1 से मैच अपने नाम किया। वहीं दूसरे मैच बारुण और देव प्रखंड के आनंदपुरा की टीम ने भाग लिया जिसमें आनंदपुरा की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की।

सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व सांसद स्व. रामनरेश सिंह उर्फ लुटन सिंह की पुण्यतिथि पर हर बार एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था लेकिन इस बार फाउंडेशन की तरफ से दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। ताकि खेल के क्षेत्र में युवाओं को एक बेहतर मंच मिले। खेल से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है और सहयोग व सपर्पण की भावना पैदा होती है। फुटबॉल एक लोकप्रिय खेल है। पूर्व सांसद एक फुटबॉल खिलाड़ी के साथ-साथ कुश्ती के खिलाड़ी थे। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए जिला एवं राज्य स्तर पर नाम रोशन करने की भी सीख दी। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत कोई मायने नहीं रखती है, बल्कि हारने वाले को भविष्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है। हार जीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। इस मैच की कमेंट्री लेखक राकेश कुमार ने की।

**औरंगाबाद एवं आनंदपुरा के बीच होगा फाइनल मुकाबला:** गेट स्कूल के मैदान पर ही पूर्व सांसद स्व. रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की पुण्यतिथि सुबह 11:00 बजे मनाया जाएगा। मौके पर टूर्नामेंट के फाइनल मैच औरंगाबाद एवं आनंदपुरा के बीच दोपहर 01:00 बजे से खेला जाएगा। इस दौरान देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह, रवि सिंह, मुन्ना सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, अंकित सिंह, नलिनी रंजन व अन्य मौजूद रहे।




केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 26 दिसंबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# प्रभु यीशु के जन्म की खुशी का छाया उल्लास, धूमधाम से मना क्रिसमस

♦ कैथोलिक चर्च में क्रिसमस को लेकर रही भीड़, आकर्षण का केंद्र रही झांकी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भाईचारे और शांति के दूत ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस का पर्व डुमरांव सहित आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही मध्यरात्रि में प्रभु यीशु का जन्म हुआ तो समूचे ईसाई समुदाय खुशी में डूब गया। डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के पुराना भोजपुर स्थित कैथोलिक चर्च में मध्यरात्रि बाद ग्रेट यीशु कम्स और टूथ इज विक्ट्री जैसे गीतों पर यीशु के अनुयायी खुशी में खूब झूमे। सुबह से ही प्रार्थना के लिए लोगों का





गिरजाघरों में आना शुरू हो गया और एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। प्रभु ईसा मसीह के जन्म लेते ही हैप्पी क्रिसमस और मेरी क्रिसमस की आवाज गूंजने लगी। घंटियों की मधुर आवाज के साथ लोगों ने प्रभु यीशु की जय-जयकार भी की। लोगों को पादरी ने सुखद समाचार दिया कि प्रभु यीशु ने जन्म ले लिया है। यीशु के जन्म की खबर सुनकर लोगों की आंखों से खुशी के आंसू बहने लगे। प्रभु की शान में लोगों ने देखो जरा, आज खुश है धरा, हाले लुइया-हाले लुइया, प्रेज द लॉर्ड समेत अन्य कैरल्स गाये और गले लगकर एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाइयां दी। फादर ने यीशु के अनुयायियों को प्रार्थना करवायी।गिरजाघरों में फादर ने प्रभु यीशु के अनुयायियों को प्रेम और शांति का संदेश दिया। चर्च में धार्मिक सौहार्द का भाव नजर आया। बड़ी संख्या में अन्य समुदाय के लोगों ने भी चर्च में आकर प्रार्थना कर अनेकता में एकता का संदेश दिया। चर्च में क्रिसमस के दिन चर्च में बाइबल का संदेश दिया गया। प्रभु के बताये रास्ते की दी गयी शिक्षाओं को लोगों को बताया गया। इस दौरान पादरियों ने समाजजनों को प्रभु के प्रेम, दया, क्षमा, मेल, भलाई, नम्रता और दीनता का संदेश देते हुए कहा कि हमें भी जीवन में उन शिक्षाओं को लागू करके संसार में उनके गवाह बने। कैथोलिक चर्च में प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित विभिन्न झांकियां सजाई गयी। लोगों ने मनोहरी झांकियों को अपलक निहारा और प्रार्थना की। शहर के सभी गिरजाघरों को दुल्हन की तरह सजाया गया। गिरजाघरों में गुब्बारे, स्टार, उपहार और रोशनी से सजे क्रिसमस ट्री आदि से सजाया गया। झांकी देखने को लेकर आसपास के ग्रामीण इलाके के अलावे डुमरांव शहर के भी लोग पहुंचे। लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु को याद किया।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में बक्सर के खिलाड़ियों का जलवा



**डुमरांव।** हाल ही में वैशाली जिले के हाजीपुर में संपन्न हुए राज्य स्तरीय साफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में बक्सर के खिलाड़ियों का जलवा रहा। इस प्रतियोगिता में बक्सर के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत व टीम इवेंट दोनों में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इस संबंध में साफ्ट टेनिस एसोसिएशन बक्सर के कोच सह सचिव नमो मिश्र ने बताया कि जूनियर वर्ग एकल मुकाबले में डुमरांव के खिलाड़ी रौशन सिंह ने कांस्य पदक जीता है। वहीं टीम इवेंट में भी बक्सर की टीम को कांस्य पदक मिला है। बक्सर के टीम का नेतृत्व सागर सिंह कर रहे थे। टीम में उनके साथ रौशन सिंह, दीपक कुमार, राज सिंह, दिलीप कुमार आदि खिलाड़ी शामिल थे। सभी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पर कब्जा जमाया। बता दें कि बक्सर में पिछले एक साल से ही साफ्ट टेनिस की शुरूआत हुई है। इतने कम समय में ही यहां क खिलाड़ियों ने इस खेल में राज्य स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। कोच नमो ने बताया कि यदि स्थानीय खिलाड़ियों को सरकार तथा प्रशासन से थोड़ा सहयोग मिलेगा तो यहां के खिलाड़ियों में देश का प्रतिनिधित्व कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डुमरांव का नाम रौशन करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह खेल भले ही यहां के लिए नया है लेकिन खिलाड़ी काफी तेजी से इसमें परिपक्व हो रहे हैं।

### नई दिल्ली में भू-वृंद सम्मान से सम्मानित हुए युवा दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांडेय



**डुमरांव।** भू वृंद परिवार में हमेशा अपने सराहनीय योगदान देने तथा समाज के जरूरतमंदों की निःस्वार्थ सेवा करने वाले डुमरांव के युवा दंत चिकित्स डॉ. हिमांशु पांडेय को भू-वृंद सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान केन्द्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में दिया गया। बता दें कि डॉ. हिमांशु मूलरूप से सिमरी रामोपट्टी के रहने वाले है तथा पिछले कुछ वर्षों में डुमरांव में दंत चिकित्सालय का संचालन कर रहे है। वे चिकित्सा क्षेत्र के अलावे सामाजिक क्षेत्रों में भी सक्रिय रहते है तथा कोरोना काल से अबतक हजारों जरूरतमंदों के बीच जरूरी चीजों का वितरण कर उनकी सहायता करते रहते है। इसके अलावे गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज कर नया जीवन भी देते है। जबकि भू वृंद परिवार को भी सहयोग देते हुए है। उनकी इन्हीं कार्यों के कारण इस बार उनका चयन भू-वृंद सम्मान के लिए किया गया है। बता दें कि वे अपनी मेहनत से समाज सेवा के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरते रहते हैं। डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने भू वृंद परिवार में अपने सराहनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में सम्मान प्राप्त किया है। उनके सेवा कार्य ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा दिया है और वे समृद्धि, शिक्षा, और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उदार हृदय और समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। इनका सम्मान प्राप्त होना समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## खबरें फटाफट

### शादी का झांसा दे किया गर्भवती, अब शादी से इंकार

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक शादीशुदा युवक अपने पड़ोस की ही एक युवती को शादी का झांसा दे एक साल से शारीरिक शोषण कर रहा था। इस दौरान वह उसे गांव से भगाकर बेंगलूरू भी ले गया था। लेकिन इसी बीच युवती गर्भवती हो गई तब उसे लेकर गांव चला आया। यहां आने के बाद आरोपी राजकुमार राम के साथ ही माता पिता, चाचा तथा फूफेरा भाई भी युवती पर गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगे। इसी दौरान कुछ दिन पहले उसे इलाज के नाम पर लेकर रघुनाथपुर गए। वहां जाने पर जब युवती को पता चला कि ये लोग मेरा गर्भपात कराने आए हैं तब युवती शोरगुल मचाने लगी, इसके बाद उसे लेकर वापस घर आए। पीड़िता ने बताया कि उसे किसी से बात तक नहीं करने दिया जाता था और बार बार कहा जाता था कि जब तुम गर्भपात करा लोगी तभी तुमको किसी से बात करने दिया जाएगा तथा तुम्हारी शादी भी कराई जाएगी। संयोग से रविवार को युवती के हाथ घर में रखा एक मोबाईल मिल गया। जिससे डायल 112 पर पीड़िता ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती तथा उसके कथित प्रेमी राजकुमार राम को पकड़ थाने लाई।

### बीपीएससी शिक्षक परीक्षा में विज्ञान के टॉपर बने कृष्णकांत



**बक्सर।** हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित माध्यमिक शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा में विज्ञान विषय में बक्सर के शिवपुरी निवासी कृष्णकांत पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय पूरे राज्य में टॉप आए हैं। वे मूल रूप से इटाढ़ी थाना के ओराप गांव निवासी नरेंद्र पांडेय उर्फ लालबाबू पांडेय के पुत्र है। खास यह कि इनकी शिक्षा दीक्षा सरकारी स्कूलों में हुई है। रिजल्ट जारी होते ही उनके घर उत्सवी माहौल बन गया। वही आस पास के लोगों को जैसे ही पता चला कि वे इस परीक्षा में विज्ञान विषय में पूरे राज्य में औव्वल अंक लाए है तो उनके घर बधाईयों को तांता लग गया।

## कोरानसराय थाने का एसपी ने किया निरीक्षण, दिया दिशा-निर्देश

# अवैध बालू खनन और परिवहन रोकने के लिए थाना करे कड़ी कार्रवाईः एसपी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बक्सर एसपी मनीष कुमार ने रविवार की रात कोरानसराय थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एसपी के पहुंचते ही थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। इस दौरान थाने के तमाम अभिलेखों की अद्यतन प्रगति रखने के साथ ही कांडों के निष्पादन में तेजी लाने की हिदायत दी।

एसपी ने सभी अनुसंधानकर्ता को एससी-एसटी व पॉस्को कांड का निष्पादन 60 दिनों के अंदर करने की हिदायत दी तथा थानाध्यक्ष सहित सभी दारोगा को बेहतर पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण व अन्य महत्वपूर्ण कामों में कोताही नहीं बरतने की बात कहीं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हर दिन सीसीटीएनएस के ऑनलाइन पोर्टल पर ही प्राथमिकी दर्ज करने और ऑनलाइन स्टेशन डायरी के काम को संपन्न करने की हिदायत दी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद शीघ्र की वादी को इसकी कॉपी उपलब्ध कराने की बात कहीं। ठंड के मौसम को देखते ही एसपी ने पुलिसकर्मियों के रहने वाले भवन का भी निरीक्षण किया और ठंड से बचाव को लेकर तत्काल सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी। शराब के कारोबारियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। इलाके में शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की सक्रियता बनी रहेगी। मौके पर एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**रात में एसपी को देख बढ़ी पुलिसकर्मियों की बेचैनी:** रविवार की रात कोरानसराय थाना में कार्यरत पुलिसकर्मियों की बेचैनी बढ़ गई थी। सर्द रात में अपने सामने एसपी को देख पुलिसकर्मियों ने अपनी तरफ से मुश्तैदी दिखाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन कई बिंदुओं पर एसपी की फटकार से बच नहीं सकें। बता दें कि हाल ही में डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर डीएम ने पूरी रात वाहन चेकिंग अभियान चला बालू लदे 94 ट्रकों को पकड़ा था। उसके बाद एसपी का रात में कोरानसराय थाने में पहुचने से कई तरह के कयाश लगाए जा रहे है। बता दें कि कोरानसराय थाना को पार कर ही बालू लदी ट्रकें डुमरांव में प्रवेश करती है। यदि कोरानसराय पुलिस बालू के ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाती तो ओवर लोड ट्रक वहां से आगे नहीं बढ़ पाते।

### जमीन विवाद में रक्तरंजित हुआ बेदौली, नौ जख्मी

**चक्की।** भरियार ओपी थाना क्षेत्र के बेदौली गांव में सोमवार को जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गया। इस विवाद में एक पक्ष के चार तथा दूसरे पक्ष के पांच समेत कुल नौ लोग जख्मी हुए है। हालांकि किसी पक्ष ने अभी तक इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के दीपनारायण पांडेय व जितेन्द्र पांडेय के बीच वर्षों से जमीन विवाद चल रहा है। सोमवार को यह हिंसक रूख अख्तियार कर लिया। जख्मियों में चार लोगों को गंभीर चोटें आई है। जिन्हें चक्की पीएचसी से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। बता दें कि राज्य सरकार व प्रशासन जमीन विवाद के मामलों को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रत्येक शनिवार को थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन विवाद के मामले थमने के नाम नहीं ले रहे है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## छात्रों का सर्वांगीण विकास ही है नवोदय विद्यालय की स्थापना का उद्देश्यः प्राचार्य




**केटी न्यूज/नावानगर**

जवाहर नवोदय विद्यालय नवानगर में प्रत्येक साल की भांति इस साल भी पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं का एल्यूमिनी मीट समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस एल्यूमिनी मीट की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य कौशल कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्राचार्य ने सबको निरंतर स्कूल के संपर्क में रहने की बात कही, ताकि स्कूल के छात्र-छात्राओं को उनके अनुभवों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे वर्तमान है तो यह पूर्ववर्ती छात्र उनका भविष्य है। उनके अनुभवों के आधार पर हम अपने भविष्य को सुधार सकते हैं। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय नवानगर पीएम श्री योजना के तहत संचालित है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को स्किल डेवलपमेंट और उनका सर्वांगीण विकास है। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य पूर्ववर्ती छात्र ज्ञान ज्योति ने किया। उन्होंने नवोदय से जुड़ी कई यादों को साझा किया, जिससे सभी पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं कुछ वक्त के लिए गुजरे दिनों को याद कर भाव विभोर हो गए।

## दुष्कर्म पीड़िता को इंसाफ दिलाने सड़क पर उतरी ऐपवा और माले




**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संघ (ऐपवा) एवं भाकपा-माले ने बक्सर में विरोध मार्च निकाला। यह विरोध मार्च इटाढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में नट जाति की नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म तथा इस मामले में पुलिस के उदासीन रवैये के खिलाफ निकाला गया था। विरोध मार्च किला मैदान से शुरू होकर मॉडल टाउन थाना होते हुए ज्योति चौक पर पहुंचा। जहां कार्यकताओं ने विरोध सभा आयोजित किया। विरोध सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा की बक्सर जिला सचिव संध्या पाल ने कहा कि पुलिस आरोपियों को बचाने के पक्ष में लगी है। हमें ज्ञात हुआ है कि आरोपी भाजपा से जुड़े रसूखदार लोग हैं, जिनकी पैरवी स्थानीय सांसद एवं भाजपा के नेताओं द्वारा किया जा रहा है। उन्हीं के प्रभाव में पॉक्सो एक्ट की तमाम नियमों को विरुद्ध लड़की के मेडिकल जांच में देरी की जा रही है ताकि सबूत मिटाया जा सके। स्थानीय इटाढ़ी थानाध्यक्ष द्वारा लगातार पीड़िता को धमकाया डराया जा रहा है। उनके परिवार वालों को जान से मार देने की धमकी दी जा रही है। इसीलिए न्याय के लिए आज सड़क पर उतरना पड़ रहा है।




## डुमरांव व नया भोजपुर में जयंती समारोह आयोजित, भाजपा कार्यकताओं ने पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

# सुशासन दिवस के रूप में मनी पूर्व पीएम वाजपेयी की जयंती

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी डुमरांव के कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री तथा भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंति को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान डुमरांव व नया भोजपुर में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित हुए। डुमरांव में आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा ने एवं संचालन युवा मोर्चा के नेता दीपक यादव ने किया। इस



दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील सिद्धार्थ अजय प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार पाठक उर्फ बबलू पाठक, नगर उपाध्यक्ष राजू केसरी, पवन बजाज और दिलीप श्रीवास्तव आदि ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, करोड़ों लोगों के प्रेरणास्त्रोत, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनके जीवन का एक-एक पल राष्ट्र के पुनर्निर्माण लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा था की सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए। छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। ऐसे कई प्रेरणादायी बातें उनके विराट व्यक्तित्व को गवाही देती है। मौके पर सैकड़ों बच्चों के बीच पाठ्द्ध सामग्री, फल, मिठाई, चॉकलेट आदि का भी वितरण किया गया।

### केसठ में मनी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

**केसठ।** स्थानीय नया बाजार स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष रतन राउत के नेतृत्व में सोमवार को भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन रामपुर शक्ति केंद्र प्रभारी धीरज पाठक ने किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने उनकी सुप्रसिद्ध कविता सौगंध मुझे इस मिट्टी की, देश नहीं मिटने दूंगा को दोहराते हुए लोगों से कहा कि उनके इस मार्ग को सभी देश वासियों को चलना चाहिए।



# एलजी मनोज सिन्हा बोले, महामना के आदर्श को अपनाएं विद्यार्थी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

♦ छात्राओं ने स्वागत गीत, स्पीच, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया लोगों की वाह-वाही लूटी



पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज सिखड़ी का 46 वां वार्षिकोत्सव एवं पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पारसनाथ राय ने कहा कि मनोज सिन्हा के मतदान में जो हर्ष आम मतदाताओं में थी, यह गौरव की बात है। जिनका नाम बच्चों सहित जन जनता को है। मनोज सिन्हा ऐसे महापुरुष है जो अपने जिले की तस्वीर और तकदीर बदली थी और अब जम्मू एंड कश्मीर की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है जिसका उदाहरण हर लोग जम्मू कश्मीर से लौटकर आते हैं तो गांव में चर्चा करते हैं। इस मौके पर एलजी मनोज सिन्हा ने मां सरस्वती,पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई और महामना मदनमोहन मालवीय के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पजली अर्पित किए।छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नाटक, कौव्वाली, भक्ति गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण समर्पण किया। विद्यालय की प्रिंसिपल नीरज राय ने मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा और विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात सेवानिवृत शिक्षक गीता पांडे,देवधारी यादव,रामजी तिवारी , कांता यादव, विंधाचल यादव, काशीनाथ कुशवाहा, रविंद्र राय, श्यामदेव राम, रामचंद यादव, सुरज शर्मा को एलजी मनोज सिन्हा ने अंग वस्त्र और महामना को चित्र देकर सम्मानित किए। इस मौके पर एलजी मनोज सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में जो संस्कृति का रोशनी छात्राओं ने बिखेरी है देखने लायक है। कहीं न कहीं विद्यालय के प्रिंसिपल सहित अध्यापकों की सराहनीय प्रयास है कि यहां के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अपने धरोहर संस्कृति का ख्याल करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में जो देश का विकास हुआ वह विश्व के इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। पिछले 10 वर्षों में देश गरीबी झेल रहा था। सरकार ने हर वर्गों का ख्याल किया और लोगों को आवास, शौचालय, उज्जवला गैस कनेक्शन, निःशुल्क विद्युतीकरण, महिलाओं को गांव - गांव में रोजगार देकर विकसित भारत की अलख जगाई। पंडित मदन मोहन मालवीय ने देश के भविष्य के लिए बनारस में काशी विश्व हिंदू यूनिवर्सिटी का निर्माण कर देश का भविष्य और तकदीर दोनों बदली है।

## एक नजर

### पिकअप में क्रूरता पूर्वक लदे 8 पशु बरामद



**मऊ ।** जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के चकिया बाजार से आगे रानीपुर थाने की पुलिस ने एक पिकप पर लादकर क्रूरतापूर्वक गौ वध के लिए ले जा रहे आठ राशि गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। जबकि मौके का फायदा उठाते हुए पिकप चालक सहित एक अन्य व्यक्ति फरार हो गया। बीती रात 3 बजे के करीब रानीपुर थानाध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा रात्रि गस्त पर थे और काझा बाजार में वाहन चेकिंग और संदिध तलाश में थे। तभी एक बोलेरो पिकअप सरसेना की तरफ से तेज गति से आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। तो वाहन चालक तेज गति से लेकर भागने लगा ,वाहन में चालक सहित एक अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था।पुलिस ने वाहन का पीछा किया गया तो पिकप को चकिया बाजार के आगे सड़क किनारे दाहिने तरफ वाहन को खड़ा कर पिकप चालक और एक अन्य व्यक्ति भाग गए। पकड़े गए पिकअप की तलाशी ली गई तो पिकअप में क्रूरतापूर्वक आठ राशि गोवंशीय पशु क्रूरतापूर्वक हाथ और पैर बंधे हुए थे। बरामद गोवंशीय पशुओ को पुलिस थाने ले आई।

### अयोध्या से अक्षत कलश के लिए निकला अभियान



**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना अतरारी चुंगी से सोमवार को अयोध्या से पूजन के बाद चल रही अक्षत कलश का घर-घर महासंपर्क अभियान हेतु वितरण करने के क्रम में एक शोभा यात्रा जो चुंगी से निकलकर विजय स्तंभ होते हुए शाहिद चौराहा के बाद शीतला मंदिर मऊ को रवाना हुई। शोभा यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारतीय जनता पार्टी विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी सैकड़ो की संख्या में दो पहिया वाहन से हाथों में भगवा झंडा लिए हुए भगवान श्री राम की जय जयकार कर रहे थे। झांकी का नेतृत्व कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड, आशीष राय, तेजनाथ मौर्य ,लक्ष्मी गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, दिव्यांश जायसवाल, शशांक त्रिपाठी उर्फ चंकी बाबा, आशीष अग्रवाल ,राजकुमार गुप्ता समेत सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी परंपरागत रास्तों से होते हुए शीतला मंदिर मऊ को रवाना हुए। वहीं दूसरी ओर पुलिस बल के साथ लोगों की सुरक्षा में मुस्तैद रहे। हरके चौक चौराहों पर पुलिस बल के जवान तैनात थे। जबकि विभिन्न स्थानों पर 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों ने पुष्प वर्षा भी किया ।

### महाराजा बिजली पासी का मना जन्मोत्सव

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक के करहा स्थित गुरादरी मठ पर सोमवार को वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी का जन्मोत्सव समारोह पासी समाज के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी डायरेक्टर मिलिट्री फार्म पुणे महाराष्ट्र कल्पनाथ पासी ने उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षित करो, संघर्ष करो ,संगठित करो आदि बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील किया इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रत्याशी पूनम सरोज ,वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमेश कुमार सरोज, डॉ एचपी पंकज, विधायक पूजा सरोज ,पूर्व विधायक बैजनाथ पासवान, सुरेश पासी ,डॉ राजेश, अनिल कुमार ,हरेंद्र प्रसाद ,राजेंद्र प्रसाद, जिला पंचायत करहा रवि पासी समेत पासी समाज के लोग मौजूद रहे ।अंत में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमेश कुमार सरोज ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान बढ़ाया।

### ईश्वर एक है, उसे पाने के लिए रास्ते अनेक

**गाजीपुर।** ब्रहम स्थल देवकली परिसर मे आयोजित 49वां मानस सम्मेलन के छठे दिन संगीतमय प्रवचन हुआ। इस दौरान झांसी से आए हुए पं. विनोद शास्त्री जी महाराज ने प्रवचनल के दौरान कि ईश्वर एक है, उसे पाने के लिए रास्ते अनेक है। उसे मंदिर, मस्जिद व गुरुद्वारा में ढूढना नहीं पड़ता है। वह सभी जगह विद्यमान है। हमारे अंदर मौजूद है, लेकिन इन आंखों से नहीं देखा जा सकता है। सच्चा सदगुरु ही दीदार कर सकता हैं। श्रीशास्त्री ने कहा भवसागर से पार होने के लिए श्रीराम कथा नौका है। श्रीराम के शासन काल में सभी लोगों का सम्मान होता था वहीं दूसरी तरफ रावण दरबार मे माल्यवन्त जैसे लोगों का अपमान होता है। अयोध्या में काम, क्रोध, लोभ तीन आए। काम दशरथ को आया, क्रोध कैकई को आया, लोभ मंथरा को आया। दशरथ जी श्रीराम को राजा बनाना चाहते थे, तीनों सवार हुए, तो श्रीराम को बनवास जाना पड़ा। इसलिए हर पर संयम रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अर्जुन पांडेय, विरेन्द्र कुमार मौर्य, नरेन्द्र कुमार मौर्य, अवधेश कुशवाहा, उमाशंकर सहित काफी संख्या मे ग्रामीण नागरिक मौजूद थे। अध्यक्षता प्रभुनाथ पांडेय व संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया।

## खबरें फटाफट

### सड़क सुरक्षा पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**मऊ।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दसवें दिन सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुहेल अहमद एवं यात्री कर अधिकारी अरविन्द कुमार के नेतृत्व में वाहन चालकों को जागरूक किया गया। इस दौरान वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। अभियान के दौरान 45 हेलमेट और सीटबेल्ट समेत अन्य कमियों को लेकर चालान काटा गया। वहीं 22 वाहनों का प्रदूषण जांच कराया गया। जिसमें सभी वाहन सही निकले। अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। जिले में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट, मोबाइल फोन, गलत दिशा में वाहन का संचालन करने के विरूद्ध चालकों को जागरूक किया गया।

### झोपड़ी में लगी आग, लाखों का नुकसान

**गाजीपुर।** सैदपुर थाना क्षेत्र के वरगांव हथौड़ी गांव में मोती राम की रिहायशी झोपडी में रविवार की राते बारह बजे आग लगने से मोटर साइकिल सहित तीन साइकिल और कपडा, अनाज, एक भैंस जल जाने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसकी सूचना एसडीएम सहित प्रधान लेखपाल को दी गई। पीड़ित मोती ने बताया कि आग कैसे लगी। इसकी जानकारी न हो सकी। रात बारह बजे लगभग झोपडी धूं -धूं कर जलने लगी। परिवार तत्काल आग वुझाने से पूर्व सबकुछ जलकर राख हो गया तथा उसमें बंधी पड्या भी जलकर मर गई।

### दलित पर जानलेवा हमला, पुलिस निष्क्रिय

**गाजीपुर।** जखनियां सीपीएम कार्यालय पर सोमवार को कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीपीएम के जिला सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि बहरियाबाद थाना क्षेत्र के पलिवार गांव में दबंग प्रधान द्वारा दर्जनों अपराधियों को लेकर 23 दिसंबर की रात गांव के दलित परिवार शंभू राम के घर पर हमला किया। शंभू राम की दीवाल को फायरिंग कर ध्वस्त कर दिया। जब इसका विरोध शंभू, अनुराधा, नीलम ने किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। जिसको सिर और हाथ पैर में चोटे आई। महिलाओं का बाल खींचकर घर से बाहर कर दिया। इसकी चीख- पुकार सुनकर अगल-बगल के लोग भी नींद से जाग गए, जहां से हमलावर फरार हो गए।

### हलधरपुर स्टेशन के पास जल्द बने सड़क

**मऊ।** हलधरपुर रेलवे स्टेशन के आसपास दर्जनों गांवों के नागरिकों को हलधरपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचना काफी जोखिम पूर्ण कार्य है। ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को प्रतिवेदन दे करके इस संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की याचना की है। रतनपुरा विकास खंड में कल तीन रेलवे स्टेशन है। जिसमें रतनपुरा, हलधरपुर और चकरा है। इन तीनों रेलवे स्टेशनों में सबसे ज्यादा परेशानी हलधरपुर रेलवे स्टेशन के आसपास के नागरिकों की है। रेलवे स्टेशन के बगल में ग्राम पंचायत जमालपुर स्थित है।

## नम आंखों से दी गई बलिया समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष को अंतिम विदाई

# बलिया के महावीर घाट पर पंचतत्व में विलीन हुए सपा नेता राजमंगल यादव

♦ शवयात्रा में उमड़ा जन सैलाब, दूसरे दलों के नेता भी हुए शामिल

**केटी न्यूज/बलिया**



समाजवादी पार्टी के दिवंगत जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव की शवयात्रा सोमवार को प्रातः उनके पैतृक गांव बिशुकिया से निकली। इस दौरान हजारों संख्या में लोग शवयात्रा में शामिल हुए। शव यात्रा सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय तक पहुंचने से पहले रास्ते में परसिया, मिड्ढा, निधरिया गांव में लोग अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन हेतु खड़े रहे। सबकी आंखें नम थी।

शवयात्रा नगर में प्रवेश करते ही लोगों की अपार भीड़ बढ़ गई। गगनभेदी नारों से लोग राजमंगल यादव को याद कर रहे थे। फिर शवयात्रा नगर के जिला पंचायत कार्यालय परिसर पहुंचा, जहां जिला पंचायत अध्यक्ष आनन्द चौधरी सहित विभागीय लोगों ने पुष्पचक्र अर्पित लिया। तत्पश्चात टीडी कालेज परिसर में छात्रसंघ परिवार के लोगों ने छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री को भावभीनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। समाजवादी पार्टी के झंडे में लिपटे जिलाध्यक्ष का पार्थिव शरीर एक खुली गाड़ी पर रखा था। जिसपर समाजवादी पार्टी के समस्त वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पूर्वांचल के लगभग सभी जनपदों से समाजवादी पार्टी के नेता साथ साथ चल रहे थे। इसके बाद महावीर घाट पर अंत्येष्टि हुई। मुखाग्नि उनके पुत्र रजनीश यादव ने दिया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी, विधायक जियाऊदिन रिजवी, विधायक संग्राम सिंह यादव, विधायक जयप्रकाश अंचल, बिहार राजद के विधायक शंभू चौधरी, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राजीव राय, युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी, पूर्व सांसद रामाशंकर विद्यार्थी, सनातन पाण्डेय, राम इकबाल सिंह, तारकेश्वर मिश्र, सुशील पाण्डेय कान्हजी, श्याम बहादुर सिंह, भुवनेश्वर चौधरी, यशपाल सिंह, डा.विश्राम यादव, महेंद्र चौहान, संजय उपाध्यय, लक्ष्मण गुप्ता, राणा प्रताप सिंह, आद्या शंकर यादव, अकमल नईम खां, शशिकांत चतुर्वेदी, राजन कनौजिया, अनिल राय, रामजी गुप्ता, बंशीधर यादव, नीरज सिंह गुड्डू, जलालुदीन जेडी, मिंटू खा, भीष्म यादव, श्रीभगवान वर्मा, मदन राय,शकील अहमद, जुबेर सोनू मौजूद रहे।

### कुशल व्यक्तित्व के धनी थे राजमंगल: दयाशंकर

**बलिया।** सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव के अंतिम संस्कार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पहुंच कर शोक व्यक्त किया। इस दौरान परिवहन मंत्री ने दिवंगत राजमंगल यादव के परिजनों को सांत्वना दिया और ढांढस बंधाया। कहा कि स्व. राजमंगल यादव कुशल व्यक्तित्व के धनी थे और उनके निधन से सभी मर्माहत हैं। आज पक्ष-विपक्ष सभी उनके परिजनों के साथ खड़ा है।

### हमने अपना भाई खो दिया: अवलेश सिंह



**बलिया।** प्रदेश की राजधानी से लेकर बलिया महावीर घाट तक शव यात्रा में साथ–साथ रहे जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अवलेश सिंह ने नम आंखों से कहा कि मैंने अपना भाई खो दिया। नेता तो कोई भी बन सकता है, लेकिन राजमंगल जैसे व्यक्तित्व का नहीं। उन्होंने समाज के बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास किया था। वह कभी भी अपने व्यक्तिगत हित को आगे नहीं रखते थे। बल्कि वह चाहते थे कि समाज में कोई भी पीछे नहीं रहे। उनके आकस्मिक निधन से पूरे इलाके की जनता मर्महत है। मेरी संवेदना शोकाकुल परिवार के साथ हैं। परिवार के लोग जब भी मुझे याद करेंगे, मैं हर घड़ी उसे परिवार के साथ खड़ा रहूंगा।

## भारत की राजनीति के अजातशत्रु थे स्व. अटल बिहारी वाजपेयी : दयाशंकर




**केटी न्यूज/ बलिया**

नगर के भृगु आश्रम के पास स्थित भाजपा के कैंप कार्यालय पर सोमवार की दोपहर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत की राजनीति के अजातशत्रु थे। उन्होंने भारत को राजनीतिक अस्थिरता से उबारने के अलावा देश के अंदर राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान रखा।परिवहन मंत्री ने कहा कि अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया, वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।

## बाल यीशू चर्च में धूमधाम से मना क्रिसमस आयोजित मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

♦ पिछले एक माह से चल रही थी क्रिसमस की तैयारी

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**



प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस के रूप में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मसीही समुदाय के लोगों ने गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना करने के बाद एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाइयां दीं। साथ ही घरों में केक काटा और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। यूरोपियन कॉलोनी स्थित बाल यीशु कैथोलिक चर्च में भी विशेष प्रार्थना सभा हुई। यहां आयोजित मेले में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की तैयारी पिछले एक माह से चल रही थी। एक दिसंबर से ही मसीही समुदाय के लोगों के घरों में केरोल गीत गाए जाने लगे और विशेष प्रार्थना सभाओं का दौर शुरू हो गया। वहीं एक से बढ़कर एक केक बनाने की तैयारी शुरू हो गई। घरों में क्रिसमस ट्री सजाए गए। रविवार की रात नगर के यूरोपियन कॉलोनी स्थित बाल यीशु चर्च में बाल यीशु की झांकी सजाई गई और विशेष प्रार्थना की गई। सोमवार की सुबह आठ बजे चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। नोवेल प्रार्थना, उपदेश, बीमारों के लिए चंगाई प्रार्थना, पुर्नमिलन संस्कार के साथ साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम दिन भर चलता रहा। प्रार्थना के बाद अन्य धर्मों के लोग भी चर्च परिसर में बाल यीशु की झांकी देखने पहुंचे। यहां विशेष का आकर्षण का केंद्र चर्च परिसर में सजी चरनी की झांकी रही। लोग प्रभु यीशु के जन्म की झांकी को निहारते रहे। वहीं गिरजाघर में फादर विजय शांतिराज के साथ अन्य पादरियों ने लोगों को आशीर्वाद दिया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को मिला विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

# मंडल के छह सौ रेलवे स्टेशनों में डीडीयू नगर सबसे स्वच्छ

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**




पूर्व मध्य रेलवे के रेल सप्ताह समारोह में डीडीयू स्टेशन को सबसे साफ घोषित किया गया। वैशाली प्रेक्षागृह हाजीपुर में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने डीआरएम राजेश गुप्ता और उनके अधिकारियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। सप्ताह में उत्कृष्ट कार्य दक्षता में डीडीयू मंडल, दानापुर मंडल के साथ रनर अप रहा। दक्षता शील्ड धनबाद मंडल को मिला। रेल सप्ताह समारोह में वित्तीय वर्ष 2022-2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिये कुल 110 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान किया।

इस मौके पर महाप्रंधक ने कहा कि पूर्व मध्य रेल अपनी स्थापना काल से अब तक के अविस्मरणीय सफर के दौरान कई उपलब्धियां हासिल कर चुका है। चालू वित्तीय वर्ष में पूर्व मध्य रेल ने 179 मीलियन टन माल लदान कर चौथा सबसे अधिक माल लदान करने वाला रेल बनने का गौरव हासिल किया है। इस वर्ष पिछले सभी रिकार्ड को तोड़ते हुए इस वर्ष 26,766 करोड़ रुपए की आय की है। इसमें यात्री आय से 3580 करोड़ रुपए और माल ढुलाई से 22601 करोड रुपए की आय हुई है। जीएम ने समग्र क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य दक्षता के लिए 2022-23 का महाप्रबंधक दक्षता शील्ड धनबाद मंडल को सौंपा। रनर्स अप कप दानापुर और पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल को संयुक्त रूप से मिला। अच्छी सफाई अभियान के लिए बड़े स्टेशनों की श्रेणी में पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन को सम्मानित किया गया।

